पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल की मेजबानी में राजभवन में प्रदेश विधानमण्डल के सदस्यगणों हेतु रात्रिभोज का हुआ आयोजन

रात्रिभोज में मा0 मुख्यमंत्री, विधान परिषद सभापति, विधान सभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद एवं विधान सभा व मंत्रीगण समेत सभी दलों के विधायकगण हुए शामिल

राजभवन में पहला आयोजन, जिसमें मंत्रीगण एवं सभी दलों के विधायकगण एक मंच पर हुए एकत्रित

लखनऊः **28** फरवरी, **2025**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की मेजबानी में आज राजभवन में उत्तर प्रदेश विधानमण्डल के सदस्यगणों हेतु एक भव्य रात्रिभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सभापति विधान परिषद श्री कुंवर मानवेन्द्र सिंह, अध्यक्ष विधान सभा श्री सतीश महाना, उप मुख्यमंत्री द्वय श्री केशव प्रसाद मौर्य एवं श्री ब्रजेश पाठक, नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद श्री लाल बिहारी यादव, नेता प्रतिपक्ष विधान सभा श्री माता प्रसाद पाण्डेय, प्रदेश के सभी मंत्रीगण सहित प्रदेश के विधानमण्डल के सदस्यगण सम्मिलित हुए। इस विशेष अवसर पर राज्यपाल जी एवं मुख्यमंत्री जी ने सभी विधायकों से मुलाकात की और उनके साथ संवाद भी किया।

यह आयोजन प्रदेश के राजभवन में इस प्रकार का पहला आयोजन था, जिसमें

मंत्रियों और सभी दलों के विधायकों को एक मंच पर एकत्रित होने का अवसर प्राप्त हुआ। राजभवन में आयोजित इस ऐतिहासिक रात्रिभोज में सभी दलीय विधायकों के मध्य राजनीति से परे एक सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक वातावरण का निर्माण हुआ। प्रदेश में सौहार्दपूर्ण और सहयोगात्मक राजनीति की दिशा में यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम है।

संपर्क सूत्रः
कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0 : 9454468250

डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0 : 9161668080